Title: Need to open more educational institutions in Bihar for proper development of human resources in the State.

श्री राजो सिंह (बेगूसराय) : सभापति महोदय, केन्द्र सरकार को मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में केन्द्र द्वारा प्रत्यायोजित योजनाओं को बड़े पैमाने पर शुरु करना चाहिये। उदाहरण के लिये जिला प्राथमिक कार्यकम का विस्तार सम्पूर्ण बिहार मे किया जाना चाहिये। इस अभाव को पूरा करने तथा बिहार की असीम मानव संसाधन सम्पदा को विकसित करने के लिये यह जरूरी है कि कुछ नये संस्थान स्थापित किये जायें और कुछ मौजूदा शैक्षणिक, तकनीकी संस्थानों का दर्जा बढ़ाये जाने की आ वश्यकता है जो निम्न प्रकार है : 1. इंडियन इंस्टीट्युट ऑफ इंफारमेशन टैक्नालाजी की स्थापना 2.बिहार कालेज ऑफ इंजीनियरिंग, पटना को आई.आई.टी. का दर्जा प्रदान करना. 3. एक इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेट की स्थापना 4. पॉलिटैक्नीक और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना 5 पैरा मैडिकल ट्रेनिंग कालेज का विस्तार 6 इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के तौर पर विकास 7. पटना विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाना 8. बिहार में एक नेशनल बॉयो-टैक्नालौजी इंस्टीट्यूट की स्थापना 9. एक सॉफ्टवेयर टैक्नौलोजी पार्क की स्थापना 10. कांउसिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग केन्द्र की स्थापना 11.राट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना. 12. सैनिक स्कूलों की स्थापना एवं 13. नवोदय विद्यालयों की स्थापना की जरूरत है।